**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस–विज्ञप्ति**

**विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 11 अभियुक्त गिरफ्तार।**

दिनांक– 26–02–2023

**दिनांक 25/26–02–2023 को रात्रि थाना बी0के0टी0 01, दुबग्गा 05, मोहनलालगंज 01, काकोरी 04, अभियुक्त गिरफ्तार, इस प्रकार वांछित में कुल 11 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**डी0सी0पी0 पश्चिमी**

**गुण्डा एक्ट की कार्यवाही।**

**थाना मलिहाबाद**–दिनांक 25.02.2023 को प्रभारी निरीक्षक श्री अनिल कुमार सिंह थाना मलिहाबाद द्वारा अभियुक्त 01–धीरज उर्फ रिन्कू पुत्र आनन्द कुमार निवासी हरिहरपुर थाना मलिहाबाद जनपद लखनऊ 02–लोकेश यादव पुत्र रविपाल निवासी तिलसुवा थाना मलिहाबाद जनपद लखनऊ के विरूद्ध थाना मलिहाबाद पर धारा 3(1) यूपी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

**अवैध शराब के साथ गिरफ्तार।**

**थाना माल**–दिनांक 25–02–2023 को म0उ0नि0 विस्मिता चौधरी थाना माल द्वारा दौराने गस्त मय हमराही फोर्स के अभियुक्ता 01– रीता पत्नी सूरजपाल निवासी ग्राम चौकी थाना माल जनपद लखनऊ को छतौनी नहर पुलिया से करीब ब्रहद ग्राम छतौनी थाना माल लखनऊ से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 01 प्लास्टिक के डिब्बे मे करीब 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर थाना माल पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

**थाना माल**–दिनांक 25–02–2023 को उ0नि0 श्री गोपाल शर्मा थाना माल द्वारा दौराने गस्त मय हमराही फोर्स के अभियुक्त 01–सूरज लाल पुत्र पुत्तीलाल निवासी ग्राम चौकी मजरा अऊमऊ थाना माल जनपद लखनऊ को लोधखेड़ा मोड़ के पास बह्द ग्राम लोधखेड़ा थाना माल लखनऊ से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 01 प्लास्टिक के पिपिया मे करीब 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर थाना माल पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

**डी0सी0पी0 दक्षिणी**

**अवैध शराब के साथ गिरफ्तार।**

**थाना नगराम**–दिनांक 25–02–2023 को उ0नि0 श्री अमित बंसल थाना नगराम द्वारा दौराने गस्त मय हमराही फोर्स के अभियुक्त 01–प्रदीप कुमार पुत्र सुन्दरलाल निवासी ग्राम छतौनी थाना नगराम लखनऊ को छतौनी नहर पुलिया से करीब ब्रहद ग्राम छतौनी थाना नगराम लखनऊ से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से एक पिपिया में 09 ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद कर थाना नगराम पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

**थाना नगराम**–दिनांक 25–02–2023 को का0 मकसूद खान थाना नगराम द्वारा दौराने गस्त अभियुक्त 01–धर्मराज पुत्र रामसागर निवासी ग्राम सुकलवा मजरा समेसी थाना नगराम लखनऊ को कलवा मजरा समेसी माईनर पुलिया से 400 मी0 पहले थाना नगराम लखनऊ से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से एक पिपिया में 10 ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद कर थाना नगराम पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

**भा0द0वि0**

**बी0बी0डी0:–(चोरी)**–दिनांक 26–02–2023 को थाना बी0बी0डी0 द्वारा बताया गया कि वादी श्री अरविन्द कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 हरिवंश पाण्डेय निवासी केएच–922 जगपाल खेड़ा निकट इण्डियन गैस गोदाम थाना बी0बी0डी0 लखनऊ ने थाना बी0बी0डी0 पर सूचना दिया कि वादी अपने पौत्र की शादी में गॉव गया था। दिनांक 24–02–2023 को वादी के आवास के मेन गेट और बैठक का लॉक तोड़कर अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर ली गई है। चोरी गए सामान की सूची वादी ने बाद में देने को कहा है। **इस सूचना पर थाना बी0बी0डी0 पर मु0अ0सं0 060/2023 धारा 380/457 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना एस0आई0 श्री तिलक सिंह गंगवार द्वारा की जा रही है।**